तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **राज कुमार** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353730158815104	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/09/25	अपीलार्थी राज कुमार निवासी बासनी पुलिस थाने के सामने, चौपड़ा ऑफिस बासनी 2 फेस, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 18.08.2025 को ग्राम सालावास, खसरा संख्या 612/11 का वर्ष 2012 से वर्तमान तक का संपूर्ण रिकॉर्ड एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) जरिये पत्रांक 959 दिनांक 09.09.2025 से बतलाया कि अपीलार्थी द्वारा ऑनलाईन प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में जिला भू–अभिलेख कार्यालय जोधपुर व तहसीलदार लूणी से सूचना चाही गई। चाही गई सूचना एक से अधिक कार्यालय से संबंधित होने से प्रार्थी को पत्र दिनांक 04.09.2025 से ऑनलाईन सूचित किया गया कि प्रशासनिक सुधार विभाग जयपुर के परिपत्र दिनांक 12.10.12 के अनुसार अंतरण मात्र एक ही स्तर पर किया जा सकता है, जिस कारण प्रार्थी संबंधित कार्यालयों में अलग–अलग प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना प्राप्त कर सकता है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर Signature valid Digitally signed by Gaurav Agrawal Designation: Collector & District Magistrate Date: 2025.09.26 13:00:04 IST Reason: Approved	

RajKaj Ref No.:
18013013